वार्षिक प्रतिवेदन

2002-2003

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

(मानित विश्वविद्यालय)

(मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार के तत्त्वावधान में संस्थापित)

56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

(मानित विश्वविद्यालय)

(मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार के तत्त्वावधान में संस्थापित)

वार्षिक प्रतिवेदन

२००२-२००३

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

(मानित विश्वविद्यालय)

(मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार के तत्त्वावधान में संस्थापित)

५६–५७, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी,

नई दिल्ली – ११००५८

प्रकाशक:

कुलपति,

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

(मानित विश्वविद्यालय)

५६–५७, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी,

नई दिल्ली–११००५८

मुद्रक:

अमर प्रिंटिंग प्रैस

८/२५, विजय नगर दिल्ली–११०००९

विषय–सूची

		पृष्ठ सं.
१.	प्रस्तावना	५
	१.१ भूमिका और कार्य	
	१.२ कार्यक्रम और क्रियाकलाप	
	१.३ अध्यापन	
	१.४ अध्यापक प्रशिक्षण	
	१.५ शोध	
	१.६ प्रकाशन	
२.	वर्ष २००२–२००३ में उपलब्धियाँ	७
३.	संगठन और स्थापना	८
४.	शैक्षणिक अनुभाग	१२
५.	शोध एवं प्रकाशन अनुभाग	१३
६.	पत्राचार पाठ्यक्रम तथा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण अनुभाग	१९
७.	परीक्षा अनुभाग	२३
८.	प्रशासन अनुभाग	२५
९.	वित्त अनुभाग	२६
१०.	योजना अनुभाग	२८
१०.१	पुस्तकालय	३१
११.	परिसर	३२
	११.१ **उत्तरप्रदेश**	
	गङ्गानाथ झा परिसर, इलाहाबाद	
	११.२ **उड़िसा**	
	श्री सदाशिव परिसर, पुरी	
	११.३ **जम्मू और कश्मीर**	
	श्री रणवीर परिसर, जम्मू	
	११.४ **केरल**	
	गुरुवायूर परिसर, त्रिचूर	
	११.५ **राजस्थान**	
	जयपुर परिसर, जयपुर	
	११.६ **उत्तरप्रदेश**	
	लखनऊ परिसर, लखनऊ	

११.७ **कर्नाटक**
राजीव गांधी परिसर, शृंगेरी
११.८ **हिमाचलप्रदेश**
गरली परिसर, गरली
११.९ **मध्यप्रदेश**
भोपाल परिसर, भोपाल
११.१० **महाराष्ट्र**
मुम्बई परिसर, मुम्बई
१२. वर्ष की प्रमुख गतिविधियाँ ६३
१२.१ मानित विश्वविद्यालय का उद्घाटन समारोह (०३.०७.२००२)
१२.२ 'योग दर्शन: काव्यव्याख्या' का विमोचन (१७.०४.२००२)
१२.३ लखनऊ परिसर के शैक्षिक और प्रशासनिक खण्ड का उद्घाटन (१९.०१.२००३)
१२.४ मुम्बई परिसर का उद्घाटन (१६.०५.२००२)
१२.५ भोपाल परिसर का उद्घाटन (१६.०९.२००२)
१२.६ जयपुर परिसर शिलान्यास समारोह (२५.०४.२००२)
१२.७ पुरी परिसर के भवन का आधार–शिलान्यास समारोह (१४.१२.२००२)
१४.१२.२००२ को 'संक्षेपरामायणम्' का विमोचन
१४.१२.२००२ को आधुनिक संस्कृत वाङ्मय सन्दर्भ सूची का विमोचन
१२.८ भोपाल परिसर की भूमि पर चारदिवारी का शिलान्यास समारोह (२७.०२.२००३)
१२.९ लखनऊ परिसर में अखिल भारतीय शास्त्रीय वाक्स्पर्धा (२७–२९.१२.२००२)
१२.१० संस्कृत दिवस समारोह
१२.११ उपाध्यक्ष श्री एन. गोपालस्वामी का आगमन और हिन्दी पखवाड़े का पुरस्कार वितरण समारोह (०७.११.२००२)
१२.१२ प्रो. करिन प्रीसेंडाज़ का आगमन
१२.१३ श्रीमती भारती देवी और प्रो. आर.के. शर्मा का आगमन
१२.१४ आइ.सी.पी.आर. के संयुक्त तत्त्वावधन में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन (२९.०३.२००३)
१२.१५ दूरस्थ शिक्षा पर कार्यशालाएँ
परिशिष्ट ८०
क. राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की साधारण सभा के सदस्यों की सूची।
ख. राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की शासी परिषद् के सदस्यों की सूची।
ग. सम्बद्ध संस्थाएँ।
घ. संस्थान की परीक्षाओं को मान्यता देने वाली सरकारों के नाम।
ङ. संस्थान की परीक्षाओं को मान्यता देने वाले विश्वविद्यालयों के नाम।

१. प्रस्तावना

१.१ भूमिका और कार्य

सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम १८६० (१८६० का अधिनियम XXI) के अन्तर्गत पंजीकृत और अब मानित विश्वविद्यालय के रूप में कार्यरत राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की स्थापना अखिल भारत में संस्कृत के विकास व संवर्धन हेतु अक्तूबर, १९७० में स्वायत्त संस्था के रूप में की गई। यह प्रारम्भ से ही भारत सरकार द्वारा पूर्णतया निधिबद्ध है। यह संस्कृत के प्रसार तथा विकास हेतु शीर्ष निकाय के रूप में कार्यरत है। और संस्कृत अध्ययन के विकास हेतु विभिन्न कायक्रमों और योजनाओं के निर्माण तथा कार्यान्वयन में मानव संसाधन विकास मन्त्रालय को सहयोग देता है। इसने सभी दृष्टिकोणों से संस्कृत भाषा और शिक्षण के प्रसार व विकास हेतु भारत सरकार के शिक्षा मन्त्रालय द्वारा १९५६ में स्थापित संस्कृत आयोग द्वारा की गई विभिन्न संस्तुतियों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु केन्द्रीय निकाय कर्तव्य ग्रहण कर लिया है।

संस्थान के पारम्परिक संस्कृत शिक्षण के संवर्धन और सम्प्रसारण के क्षेत्र में उत्कृष्ट महत्त्वपूर्ण कार्यों अप्रकाशित संस्कृत मूल–पाठों के श्रेष्ठ प्रकाशनों, ५०,००० से भी अधिक दुर्लभ संस्कृत पाण्डुलिपियों के संरक्षण तथा प्रबन्धन को महत्त्व देते हुए भारत सरकार ने इसे ७ मई, २००२ से प्रभावी मानित विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया है जो अधिसूचना सं.एफ. ९–२८/२००० यू ३ (सी.पी.पी.–१) दिनांकित १३ जून, २००२ द्वारा अनुगत है जिसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना संख्या एफ ६–३१/२००१ (सी०सी०पी०१) दिनांक १३ जून २००२ अनुगत किया गया है।

संस्था के बहिर्नियम में निर्दिष्टानुसार राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के मुख्य उद्देश्य संस्कृत अध्ययन, शोध, प्रसार, विकास व प्रोत्साहन हैं और संस्थापित अथवा अधिगृहीत समस्त परिसरों के प्रबन्धन हेतु केन्द्रीय प्रशासनिक और समन्वयक तन्त्र के रूप में कार्य करना है।

इस अवधि में प्रो. वेम्पटि कुटुम्ब शास्त्री, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के निदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

१.२ कार्यक्रम और क्रियाकलाप

संस्थान ने अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम और क्रियाकलाप प्रारम्भ किये हैं :–

- विभिन्न राज्यों में परिसरों की स्थापना।
- माध्यमिक, पूर्वस्नातक, स्नातक, स्नातकोत्तर स्तरों पर परम्परागत पद्धति से संस्कृत शिक्षण तथा डॉक्टर की उपाधि के स्तर पर शोध का संचालन करना।
- स्नातक अर्थात् शिक्षा शास्त्री (बी.एड.) स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण का संचालन करना।
- संस्कृत के विभिन्न क्षेत्रों में शोध कार्य का संचालन व समन्वयन।
- उभयनिष्ठ अभिरुचि वाली संयुक्त परियोजनाओं के प्रयोजन में अन्य संगठनों से सहयोग।
- संस्कृत पुस्तकालयों, पाण्डुलिपि संग्रहालयों की स्थापना और दुर्लभ पाण्डुलिपियों तथा महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का सम्पादन तथा प्रकाशन।

१.३ अध्यापन

संस्थान द्वारा निर्मित पाठ्यक्रम के आधार पर प्राक्शास्त्री से लेकर आचार्य स्तरों तक अपने अङ्गभूत परिसरों में शिक्षण का प्रबन्ध किया जाता है। संस्थान द्वारा संचालित और संस्थान के सम्बद्ध संस्कृत संस्थाएँ भी उसी पाठ्यक्रम के साथ शिक्षण प्रदान करती हैं। सभी परिसरों में संस्कृत शिक्षा की आधुनिक प्रणाली के छात्रों को परम्परागत प्रणाली में सम्मिलित होने की सुविधा देने हेतु प्राक्शास्त्री नामक +२ स्तर का द्विवर्षीय मध्यवर्ती पाठ्यक्रम है। पुरी और जम्मू परिसरों मं प्रथमा (कक्षाएँ VI, VII और VIII) से आरम्भ करके पूर्वमध्यमा (IX और X) तथा उत्तरमध्यमा (XI और XII) तक विद्यालय स्तर का शिक्षण भी है। सम्प्रति राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान दस परिसरों का संचालन कर रहा है।

१.४ अध्यापक–प्रशिक्षण

परिसरों में शिक्षण अभ्यास पर बल देते हुए एक शिक्षा–वर्ष के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है जिससे संस्कृत में बी.एड्. के समकक्ष शिक्षा प्रणाली शास्त्री की उपाधि प्रदान की जाती है।

१.५ शोध

गङ्गानाथ झा परिसर, इलाहाबाद का एकमात्र उद्देश्य चयनित शाखाओं में शोध सम्पादन है। सभी परिसरों में छात्रों को स्वयं का शोध हेतु पंजीयन कराने की सुविधाएँ विद्यमान हैं और इसके सफल समापन पर उन्हें पी.एच्.डी. के समकक्ष विद्यावारिधि की उपाधि प्रदान की जाती है।

१.६ प्रकाशन

क. शोध पत्रिकाएँ

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान 'संस्कृत विमर्श:' और 'गङ्गानाथ झा परिसर, इलाहाबाद शोध पत्रिका' नामक दो शोध पत्रिकाएँ प्रकाशित करता है। जबकि पहली पत्रिका संस्कृत मुख्यालय द्वारा प्रकाशित होती है, दूसरी गङ्गानाथ झा परिसर, इलाहाबाद द्वारा प्रकाशित की जाती है। इसके अतिरिक्त 'उशती' नामक साहित्यिक पत्रिका का प्रकाशन भी गङ्गानाथ झा परिसर, इलाहाबाद द्वारा किया जाता है।

ख. ग्रन्थ

संस्थान देश के प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा लिखित/सम्पादित/शोधमूलक/अप्रकाशित मूल–पाठ आधारित ग्रन्थ प्रकाशित करता है। सूचना वर्ष में 'संस्कृतवर्षस्मृतिग्रन्थमाला' शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशनों की श्रृंखला आरम्भ करके संस्कृत वर्ष का स्मरणोत्सव मनाने का महत्त्वपूर्ण निर्णय किया गया है। इस श्रृंखला में तीन सौ शीर्षकों को प्रकाशित करने पर विचार किया गया है। इस श्रृंखला के अन्तर्गत ५ शीर्षक मुद्रणाधीन हैं। यह निर्णय भी किया गया है कि संस्थान महत्त्वपूर्ण प्राचीन और अप्राप्य ग्रन्थों का पुनर्मुद्रण करके उन्हें प्रकाशित करेगा और अल्पतम मूल्य पर विद्वानों को उपलब्ध कराएगा।

संस्थान का गङ्गानाथ झा परिसर दुर्लभ पाण्डुलिपियों के सम्पादन और प्रकाशन के प्रति समर्पित है। सूचना अवधि में विद्यापीठ के सात ग्रन्थ प्रकाशित किए हैं।

२. वर्ष २००२–२००३ में उपलब्धियाँ

- राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान को मानित विश्वविद्यालय घोषित किया।
- भोपाल और मुम्बई परिसरों ने कार्य करना प्रारम्भ किया।
- एक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय और एक शोध संस्थान प्रारम्भ किया।
- ३३ प्रकाशन प्रकाशित किए।
- १०,६८८ छात्र संस्थान की परीक्षाओं में बैठे।
- संस्थान परिसरों में २९५४ छात्रों को प्रवेश मिला।
- उच्चमाध्यमिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत २५७० छात्रों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गईं।
- १५ छात्रों को पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई।
- संस्कृत ग्रन्थ क्रय योजना के अधीन ४५६ शीर्षकों का थोक में क्रय हुआ।
- संस्कृत साहित्य प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत प्रकाशकों/विद्वानों ने ५८ प्रकाशन प्रकाशित किए।
- स्वयंसेवी संस्कृत संस्थाओं को अनुदान योजना के अन्तर्गत ७४५ संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।
- स्वयंसेवी संस्कृत संस्थाओं को अनुदान योजना के अन्तर्गत ११०१ शिक्षकों को समेकित वेतन प्रदान किया गया।
- स्वयंसेवी संस्कृत संस्थाओं को अनुदान योजना के अधीन ४७४६ छात्रों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई।
- अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण प्रारम्भ किया गया।
- अखिल भारतीय वाक्स्पर्धा प्रतियोगिता में शास्त्र शलाका परीक्षा को एक विषय के रूप में प्रारम्भ किया गया।

३. संगठन और स्थापना

साधारण सभा संस्थान का नीति निर्धारक सभा है और इसमें २६ सदस्य हैं जिनका विवरण परिशिष्ट 'क' के रूप में अनुबद्ध है। शास्त्री परिषद् शीर्ष कार्यकारिणी समिति है और इसमें अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के अतिरिक्त दस सदस्य हैं। शासी परिषद साधारण सभा द्वारा निर्धारित नीतियों को कार्यान्वित करती है। वर्तमान शासी परिषद् का संघटन यहाँ परिशिष्ट 'ख' के रूप में अनुबद्ध है।

निम्नलिखित समितियाँ/परिषदें शासी परिषद् को उसके दायित्व निर्वहण में सहयोग देती हैं :–

१. अर्थ समिति

२. विद्या परिषद्

३. प्रकाशन समिति

४. शोध समिति

५. परीक्षा मण्डल

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान सात अनुभागों के द्वारा कार्य करता है :–

१. शैक्षणिक अनुभाग

२. शोध और प्रकाशन अनुभाग

३. पत्राचार पाठ्यक्रम तथा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण अनुभाग

४. परीक्षा अनुभाग

५. प्रशासन अनुभाग

६. वित्त अनुभाग

७. योजना अनुभाग

इनमें से प्रत्येक अनुभाग के प्रधान उप/सहायक निदेशक/उप नियन्त्रक हैं। ये सभी अधिकारी संस्थान के कुलपति को सहयोग देते हैं जो साधारण सभा और शासी परिषद् द्वारा अनुमोदित नीतियों और कार्यक्रमों के निष्पादन के लिए उत्तरदायी मुख्य कार्यपालक अधिकारी है।

३.१ शैक्षणिक अनुभाग

यह एकक शैक्षिक कार्य–निष्पादन हेतु मानकों के निर्धारण के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों हेतु कैलेंडर निर्माण और विविध पाठ्यक्रमों हेतु पाठ्यचर्या की रूपरेखा तैयार करने के लिए प्रमुखतया उत्तरदायी है।

३.२ शोध एवं प्रकाशन अनुभाग

यह एकक अङ्गभूत परिसरों की शोध और प्रकाशन गतिविधियों तथा संस्थान के शोध और प्रकाशन कार्यक्रमों और परियोजनाओं के समन्वय से सम्बद्ध है। यह संस्कृत साहित्य के निर्माण और पुस्तकों के थोक क्रम प्रदान करने जैसी योजनाओं से भी सम्बद्ध है।

३.३ पत्राचार पाठ्यक्रम तथा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण अनुभाग

यह एकक पत्राचार पाठ्यक्रमों की व्यवस्था हेतु उत्तरदायी है। ये पाठ्यक्रम दो स्तरों पर प्रस्तुत किए जाते हैं और यह अनुभाग अखिल भारत में १०० अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों का भी प्रबन्ध करती है, अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण हेतु पाठ्यसामग्री का निर्माण करता है।

प्रस्तुत किए गए पत्राचार पाठ्यक्रम हैं :–

क. संस्कृत का प्रारम्भिक पाठ्यक्रम
प्रथम वर्ष (हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम)

ख. संस्कृत का प्रारम्भिक पाठ्यक्रम
द्वितीय वर्ष (हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम)

अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण पञ्चस्तरीय स्वाध्याय सामग्री प्रस्तुत करता है जो प्रथम स्तर से प्रारम्भ होकर पञ्चम स्तर तक है। संस्कृत अध्ययन से प्रेम करने वाला समाज का कोई भी वर्ग इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सकता हैं।

३.४ परीक्षा अनुभाग

परीक्षा अनुभाग निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के लिए वार्षिक/पूरक परीक्षाओं का आयोजन करता है।

प्रथमा	(कक्षा VIII)
पूर्वमध्यमा	(कक्षा X)
उत्तरमध्यमा	(कक्षा XII)
प्राक्शास्त्री	(कक्षा XII)
शास्त्री	(कक्षा BA.)
शिक्षाशास्त्री	(कक्षा B.Ed.)
आचार्य	(कक्षा M.A.)

संस्थान द्वारा शिक्षा शास्त्री पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु परीक्षा अनुभाग के माध्यम से पूर्व शिक्षा शास्त्री प्रवेश–परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसे पूर्व–शिक्षा शास्त्री परीक्षा के रूप में जाना जाता है।

यह परिसरों और सम्बद्ध संस्थाओं के छात्रों को शोध उपाधि विद्यावारिधि (पी.एच्.डी.) प्रदान करने हेतु शोध–प्रबन्ध के मूल्यांकन और मौखिक परीक्षा की व्यवस्था करता है।

३.५ प्रशासन अनुभाग

प्रशासन अनुभाग संस्थान और उसके अंगीभूत परिसरों के सामान्य प्रशासनिक कार्यों की देखभाल करता है। यह नियुक्तियों, पदस्थापनों, स्थानान्तरणों तथा अन्य स्थापना सम्बन्धी कार्यों की योजना भी बनाता है। परिसरों पर नियन्त्रण रखना भी इस अनुभाग का प्रमुख दायित्व है।

३.६ वित्त अनुभाग

इस अनुभाग के कार्य आय–व्यय का विवरण तैयार करना, अनुदान की प्राप्ति तथा उसका विरतण, वित्तीय व्यवस्था और वार्षिक लेखा–जोखा आदि तैयार करना है। यह भविष्य निधि का भी प्रबन्धन करता है और छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों के संवितरण की व्यवस्था करता है।

३.७ योजना अनुभाग

यह अनुभाग स्वैच्छिक संस्कृत संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करना, शास्त्र चूड़ामणि विद्वानों की नियुक्तियाँ करना विभिन्न संस्कृत पाठ्शालाओं/विद्यालयों/स्वैच्छिक संस्कृत संगठनों/विश्वविद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के आयोजन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना जैसी विभिन्न योजनाओं के उचित कार्यान्वयन हेतु उत्तरदायी है। यह अनुभाग संस्कृत के पारम्परिक छात्रों के लिए अखिल भारतीय वाक्स्पर्धा के आयोजन हेतु भी उत्तरदायी है।

३.८ परिसर

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के अंगीभूत परिसर निम्नलिखत हैं :–

क्रम सं.	परसरों के नाम	स्थान
१.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान श्री गङ्गानाथ झा परिसर	इलाहाबाद, उत्तरप्रदेश
२.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान श्री सदाशिव परिसर	पुरी, उड़िसा
३.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान श्री रणवीर परिसर	जम्मू, जम्मू और कश्मीर
४.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान गुरुवायूर परिसर	त्रिचूर, केरल
५.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान जयपुर परिसर	जयपुर, राजस्थान
६.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान लखनऊ परिसर	लखनऊ, उत्तरप्रदेश
७.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान श्री राजीव गांधि परिसर	शृंगेरी, कर्नाटक
८.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान गरली परिसर	गरली, हिमाचलप्रदेश
९.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान भोपाल परिसर	भोपाल, मध्यप्रदेश
१०.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के.जे. सोमया परिसर	मुम्बई, महाराष्ट्र

ये परिसर निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के लिए अध्यापन कार्य करते हैं :–

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	के समकक्ष
१.	प्रथमा	मिडिल
२.	पूर्वमध्यमा	सेकेण्डरी
३.	उत्तरमध्यमा/प्राक्शास्त्री	सीनियर सेकेण्डरी
४.	शास्त्री	बी.ए.
५.	आचार्य	एम.ए.
६.	शिक्षाशास्त्री	बी.एड.
७.	विद्यावारिधि	पी.एच.डी.

प्रथमा से उत्तरमध्यमा तक विद्यालय अनुभाग केवल पुरी और जम्मू में चलाया जा रहा है। बफर पाठ्यक्रम होने के कारण प्राक्शास्त्री का अध्यापन गङ्गानाथ झा परिसर, इलाहाबाद के अतिरिक्त सभी परिसरों में कराया जाता है। बी.एड. कार्यक्रम का संचालन केवल पुरी, जम्मू, गुरुवायूर, जयपुर, लखनऊ और शृंगेरी में किया जाता है।

४. शैक्षणिक अनुभाग

इस विभाग की प्रधान डा. श्रीमती सविता पाठक, उप निदेशक (शैक्षणिक) हैं। इस अनुभाग में निम्नलिखित स्टाफ कार्यरत हैं :–

१.	शोध सहायक	१
२.	वरिष्ठ आशुलिपिक	१
३.	निम्न श्रेणी लिपिक	१
४.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	१

यह अनुभाग निम्नलिखित क्रियाकलापों से सम्बन्धित है–

यह संस्थान के शैक्षिक क्रियाकलापों का प्रमुख व्यवस्थापक है और विभिन्न कक्षाओं के लिए पाठ्यक्रमों का निर्माण करता है। प्रथमा से आचार्य तक के विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम बनाने के लिए अलग–अलग विषयों की समितियों का गठन किया जाता है। इसे आवश्यकतानुसार संवीक्षा हेतु अध्ययन मण्डल के पास भेज दिया जाता है। तथापि, जहाँ तक विद्यालय स्तर पर अंग्रेजी, हिन्दी और इतिहास जैसे आधुनिक विषयों का प्रश्न है, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम को अपनाया जाता है। शास्त्री कक्षा के लिए हिन्दी और अंग्रेजी जैसे आधुनिक विषयों के लिए सामान्यतया दिल्ली विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम को अपनाया जाता है।

५. शोध और प्रकाशन अनुभाग

इस अनुभाग के प्रधान सहायक निदेशक (शोध और प्रकाशन) डा. प्रकाश पाण्डेय (एम.ए. संस्कृत, आचार्य योगतन्त्र, पी. एच.डी.) हैं।

इस शाखा में निम्नलिखित स्टाफ़ कार्यरत हैं :–

१.	अनुभाग अधिकारी	१
२.	शोध सहायक	१
३.	सहायक	२
४.	निम्न श्रेणी लिपिक	२
५.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	१

इस शाखा का दायित्व मुख्यालय और परिसरों के शोध और प्रकाशन कार्यों में सामंजस्य स्थापित करना है।

इसके अतिरिक्त, मन्त्रालय से अन्तरित निम्नलिखित योजनाओं के कार्यान्वयन का कार्य भी इसके सुपुर्द किया गया है–

१. समाचारपत्रों और पत्रिकाओं के साथ–साथ संस्कृत वाङ्मय की रचना।

२. संस्कृत–ग्रन्थों का क्रय और अप्राप्य तथा दुर्लभ ग्रन्थों का पुनर्मुद्रण।

३. पाण्डुलिपियों का क्रय और प्रकाशन।

वर्ष २००२–२००३ में संस्थान की अनुदान समिति की तीन बैठकें हुईं जिनमें विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कई महत्त्वपूर्ण प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इन योजनाओं के अधीन रु. ८३.४० लाख व्यय हुए।

संस्कृत वाङ्मय रचना योजना के अन्तर्गत अनुदान समिति के द्वारा निम्नलिखित संस्कृत पत्रिकाओं के प्रकाशन हेतु वित्तीय सहायता का अनुमोदन किया गया है:–

क्रम सं.	पत्रिका का नाम	से प्रकाशित	अवधि	अनुदान राशि
१.	पञ्चकन्या	गोवाहटी, असम	तीमाहि	रु. ३०,०००/– प्रतिवर्ष
२.	भाषा	बलेश्वरम्	मासिक	रु. १५,०००/– प्रतिवर्ष
३.	प्रभातम	लखनऊ	तीमाहि	रु. २५,०००/– प्रतिवर्ष
४.	संस्कृत सेवा	भोपाल (मध्यप्रदेश)	प्रतिदिन	रु. १५,०००/– प्रतिवर्ष

वर्ष के दौरान पूर्वोक्त चार पत्रिकाओं के अलावा करते हुए १७ अन्य संस्कृत पत्रिकाओं के लिए रु. २,५७,९००/– का अनुदान जारी किया गया है।

इस वर्ष में संस्कृत वाङ्मय रचना योजना के अन्तर्गत भारत के विभिन्न भागों के ग्रन्थकारों प्रकाशकों को ग्रन्थों के प्रकाशन हेतु अनुदान प्रदान किए गए थे।

क्रम सं.	ग्रन्थकार का नाम	ग्रन्थ का शीर्षक	प्रकाशन	रचना वर्ष में जारी किया गया अनुदान
१.	डा. राजदेव मिश्र, फैजावाद, उत्तरप्रदेश	विवेक वीचि	शारदा प्रकाशन	३१,८३६/–
२.	डा. निरंजन दास	साहित्य दर्पण सम्पादन समीक्षात्मकाध्यनम प्रभारसुफुरथी टीका	लेखक	१४,५२४/–
३.	डा. के.के. सोमयाजलु, उड़ीसा	वाक्यपदिशा साधनसमादेशवीमर्श	अमर ग्रन्थ प्रकाशन, दिल्ली	१९,९९२/–
४.	प्रो. सी. राजेन्द्र, कालीकट तमिलनाडु	साइन और स्ट्रेक्चर इन्डोलॉजिकल एशे	लेखक	१२,९२८/–
५.	डा. (श्रीमती) शील वर्मा सिखोहाबाद	वेदान्तमुक्तावली (एक अध्ययन)	अक्षयवत प्रकाशन	१९,४९९/–
६.	पीटी. गिरिजा शंकर मिश्र सितापुर, उत्तरप्रदेश	प्रसाननभरत्नम्–महाकाव्यम्	जनपदा साहित्य सभा, सितापुर	२१,०६०/–
७.	डा. अशोक मजुमदार नई दिल्ली	होम रेमेडाईज इन आयुर्वेद	अमर ग्रन्थ प्रकाशन, दिल्ली	१,३७,१७६/–
८.	डा. विरुपाक्ष वी. जड्डीपाल तिरुपति	मीमांसा काव्यशास्त्र का शब्दशक्ति	अमर ग्रन्थ प्रकाशन, दिल्ली	३३,०४२/–
९.	डा. दशरथ द्विवेदी गोरखपुर	संस्कृत काव्यशास्त्र मे अलंकार का विकास	राधा प्रकाशन,	५८,६१५/–
१०.	डा. केशव चन्द्र महापात्र	विहावरी	लेखक	५,६२१/–
११.	डा. मोहम्मद हनिफ नई दिल्ली	महामंत्र गायत्री के बौद्धिक उपयोग	शैस्ता प्रकाशन, नई दिल्ली	४०,६७५/–
१२.	श्रीमती अनुपमा सेथ दिल्ली	हेमचन्द्र के धातुपरायण का समालोचनात्मक अध्ययन	नाग पब्लिकेशन, दिल्ली	३९,५१०/–
१३.	डा. (श्रीमती) कान्ता गुप्त	संस्कृत सेवा काव्य (१२वीं शताब्दी से	नाग पब्लिकेशन,	८९,२९५/–

	दिल्ली	१७वीं शताब्दी तक और १७वी. शताब्दी के बाद)		
१४.	राजस्थान संस्कृत साहित्य सम्मेलन, जयपुर	गद्यकार बाना	राजस्थान संस्कृत साहित्य सम्मेलन, जयपुर	८,८२०/–
१५.	श्री रामचन्द्र शास्त्री सुरी कर्नाटक	खंदान खाद्यम	लेखक	६६,४०६/–
१६.	डा. ब्रजमोहन तिवारी झारखण्ड (बिहार)	२०वी. शताब्दी के संस्कृत साहित्य को बिहार का अवदान	आदित्य बुक सेन्टर वाराणसी	२६,११०/–
१७.	डा. निरंजन मिश्र हरिद्वार	काव्यमाला	हंस प्रकाशन, जयपुर	२१,३०५/–
१८.	डा. रामकिशोर मिश्र मेरठ	संस्कृत चन्दन के उद्भव टाथा विकास	ज्ञान प्रकाशन, मेरठ	२८,७०७/–
१९.	डा. एन. चन्द्रशेखर नायर त्रिवेन्द्रम	श्री ललित साहाशरणम् (हिन्दी वाक्य)	जे.पी. पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली	५०,२०५/–
२०.	डा. (श्रीमती) सन्तोष नई दिल्ली	आचार्य चुड़ामणि	नाग पब्लिकेशन, दिल्ली	५२,१३२/–
२१.	प्रो. सी. महादेवप्पा बंग्लौर	प्रभुगीता	लेखक	६३,४६१/–
२२.	डा. ब्रज किशोर नायक पुरी (उड़िसा)	शारीदयानन्दमहाकाव्यम्	लेखक	२३,३७५/–
२३.	डा. मोहम्मद हनिफ शास्त्री दिल्ली	वैदिक साहित्य में मानव कर्तव्य	साहित्य प्रकाशन, नई दिल्ली	३९,६९८/–
२४.	डा. उर्मिला रस्तोगी दिल्ली	मनुस्मृति चतुर्थ अवोम पंचम अध्याय	जे.पी. पब्लिशिंग हाडस, दिल्ली	९७,५५८/–
२५.	डा. बोद्ध कुमार झा जम्मू	प्रीबन्धुशेखर (विजयमुर्तिवाक्य– खोअस्तुलतमाकाअध्ययनम्)	हंस प्रकाशन, जयपुर	१९,८९३/–
२६.	डा. अंजना, दिल्ली	नवभूषण का अनुमान प्रीछेद (आलोचनात्मकअध्ययनम्)	जे.पी. पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली	२३,२८६/–
२७.	डा. राम कृपाल त्रिपाठी वृन्दावन (उत्तरप्रदेश)	कवियत्रीमहाकाव्यशु काव्यशास्त्र– गुणसमिक्षा	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	२७,१९८/–
२८.	डा. कृष्ण पाण्डेय	काव्यदर्श पर रत्नश्री टीका एक समीक्षा	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	२४,८९२/–

२९.	डा. वाई.डी. शर्मा, दिल्ली	ब्रह्मसूत्रशंकरभाष्यम्	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	२,६६,६५९/–
३०.	आचार्य रामापद चक्रवर्ति वाराणसी	गंगायानमादीची	राघव प्रकाशन, वाराणसी	१,२१,७७२/–
३१.	डा. चिरंजीवी शर्मा,	यर्जुवेदीचार्यविधीविमर्श	नारायण प्रकाशन, प्रयाग	३९,९६१/–
३२.	श्री रमेश चन्द्र पाण्डेय उदयपुर	कुण्डली कलपात्रु	लेखक	४४,४२९/–
३३.	डा. दया शंकर शास्त्री, कानपुर	नव्यबोधिनी (आदेवकृति मिमांसा प्रकाश की विस्तृत हिन्दी व्याख्या)	लेखक	७९,१३०/–
३४.	डा. अवधेश प्रसार तिवारी रायवरेली	मध्यप्रचार रचित श्री शंकरद्विग्विजय एक अध्ययनम्	अक्षयवत प्रकाशन, इलाहाबाद	२६,७३८/–
३५.	डा. तारा दत्त, नई दिल्ली	शंकरद्वैत के प्रमुख सिद्धान्त के पारंपरिक विश्लेषण	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	४०,९६१/–
३६.	डा. धनेन्द्र झा, बिहार	वाक्यर्थ–विवेचनम्	लेखक	४९,६५३/–
३७.	डा. सुदर्शन कुमार शर्मा पारवानो	तिलकमंजर धनयाल ए–क्रिटीकल और कालपाल रसदी	परिमल पब्लिकेशन, नई दिल्ली	८३,७५८/–
३८.	श्री सूर्यनारायण, बंग्लौर	रघुवेद सुक्त सेर	लेखक	८२,७५४/–
३९.	डा. प्रियामाधव पाण्डेय	भारतीय दर्शन सभा अर्थ अब लेखक		६०,७१०/–
४०.	डा. निलमपा त्रिपाठी भोपाल	संस्कृत परिवेश और मध्यप्रदेश	नाग पब्लिशर्स, नई दिल्ली	४५,५६४/–
४१.	डा. राम राजु हैदराबाद	कान्ट्रीब्यूशन ऑफ आन्ध्र संस्कृत लिट्रेचर	लेखक	५८,७२९/–
४२.	डा. पियूषकान्त दीक्षित	तारकामारीतम	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	६६,८६०/–
४३.	डा. भाष्कराचार्य त्रिपाठी भोपाल	साकेतसौरभम् (महाकाव्यम्)	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	३८,६२९/–
४४.	डा. ज्ञान प्रकाश शास्त्री मैणपुर	आचार्य दुर्ग की निरुकतावृत्ति (समिक्षात्मक अध्ययनम्)	परिमल पब्लिकेशन, दिल्ली	६०,१५९/–
४५.	डा. प्रमोद बाला मिश्र बरेली	मानवसरतसूत्रम्	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	८०,४८३/–
४६.	डा. वेदवती वैदिक नई दिल्ली	उपनीषदन के निर्वचन	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	३७,१४९/–

४७.	डा. सत्यदेव पचौरी नई दिल्ली	रगवेद्यासम्वद् सुक्त	अलंकार प्रकाशन, नई दिल्ली	४२,८५४/–
४८.	डा. लक्ष्मीनाथ झा	महामाहोपध्याय बालकृष्ण मिश्राविरचितम् लक्ष्मीशावेरी चरितम्	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	३७,००९/–
४९.	श्री प्रभाकर प्रसाद, नोएडा	शब्दनिर्णायक, लेखक	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	३३,६०६/–
५०.	डा. घनश्याम उनियाल होशियारपुर	पाणिनीयव्याकरणम् भाषावैज्ञानिकम् व्याकरणम् दिल्ली	अमर ग्रन्थ पब्लिकेशन,	४०,२९०/–
५१.	प्रो. भाष्कर मिश्र, नई दिल्ली	शिक्षा और समाज (प्राचीन से अरवाचीन तक)	नाग पब्लिशर्स,	४१,७२७/–
५२.	डा. भाष्कराचार्य, भोपाल	निलीमकाव्यम् अजास्ती हिन्दू– रुपान्तरम जनतुकाथ्यम् संस्कृतकाव्यम्	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	४९,१५६/–
५३.	डा. प्रशासीमिश्र शास्त्री रायवरेली	अशब्देयाप्रथमादिवेश	अक्षरत् प्रकाशन	२४,१९६/–
५४.	डा. भाष्कर त्रिपाठी, भोपाल	यात्रीकम्	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	३७,८२३/–
५५.	डा. वेदपति वैदिक, नई दिल्ली	उपनिषदयुगिन संस्कृत	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	७२,६९३/–
५६.	डा. रामा दवलिश, दिल्ली	अमरकोश वत्यावत (नामटिगानुशसनम्)	विद्यानिधी प्रकाशन, दिल्ली	६९,६८७/–
५७.	डा. ओम प्रकाश पाण्डेय उज्जैन	अथर्ववैदिक गोपथ ब्रह्म संस्कृत	पेनमेन पब्लिशर्स, दिल्ली	२७,६६६/–
५८.	डा. अनिवाश चन्द्र इलाहाबाद	शब्दवृत्तिविमर्श	वाणी विवेक प्रकाशन, इलाहाबाद	५९,००३/–

संस्थान ने उपर्युक्त अट्ठावन ग्रन्थों के निर्माण हेतु रु. २९,१६,६५७.०० की प्रकाशन अनुदान जारी किया है।

ग्रन्थों की क्रय सम्बन्धी योजना का विवरण इस प्रकार है:–

आवेदकों की संख्या	प्रस्तुत किए गए शीर्षकों की संख्या	कुल क्रय शीर्षकों की संख्या
२११	६६१	४५६

वर्ष में अनुदान की गई कुल राशि रु. २८,९८,२८४.०० है।

दुर्लभ ग्रन्थों की पुनर्मुद्रण योजना के अन्तर्गत २७ शीर्षकों का मुद्रण किया गया है जिन्हें भारत के और विदेश के विद्वानों द्वारा भली–भाँति स्वीकार किया गया है। प्रस्तुत वर्ष में इस क्रियान्वयन हेतु रु. २१,०४,२०३.०० व्यय किए गए हैं।

उच्चमाध्यमिकोत्तर छात्रवृत्ति

छात्रवृत्ति अनुभाग के प्रधान डा. प्रकाश पाण्डेय, सहायक निदेशक (शोध और प्रकाशन) हैं। इसमें निम्नलिखित स्टाफ़ कार्यरत हैं :–

१.	अनुभाग अधिकारी	१
२.	सहायक	१
३.	उच्च श्रेणी लिपिक	२
४.	निम्न श्रेणी लिपिक	१

यह अनुभाग देश भर में उच्चमाध्यमिकोत्तर छात्रवृत्तियों का संवितरण करता है। छात्रवृत्ति की दो श्रेणियाँ हैं :–

१. पारम्परिक पाठशालाओं के छात्रों के लिए शोध छात्रवृत्तियाँ;

२. बी.ए., एम.ए. और पी.एच.डी. तथ समकक्ष पारम्परिक पाठ्यक्रम जारी रखने हेतु उचचमाध्यमिकोत्तर छात्रवृत्तियाँ।

वर्ष २००२–२००३ में छात्रवृत्ति प्रदान करने का अलग–अलग विवरण निम्नलिखित है :–

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	नवीन (प्रथम वर्ष)	नवीकरण (द्वितीय वर्ष)
१.	प्राक्शास्त्री/उत्तरमध्यमा/यू.एस.	३२८	१२५
२.	इण्टर	६३९	१४२
३.	बी.ए.	६१३	८७
४.	शास्त्री	२०५	५७
५.	एम.ए.	१५३	१०
६.	आचार्य	१०९	०६
७.	पी.एच.डी.	४५	०२
८.	विद्यावारिधि	४८	०१
		२१४०	४३०

अनुभाग द्वारा नव्य न्याय भाषा और प्रणाली–विज्ञान पर बारह दिनों की राष्ट्र स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय परिसर में १ अक्तूबर, २००२ से १२ अक्तूबर, २००२ तक किया गया। जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय के संस्कृत अध्ययन के विशिष्ट केन्द्र ने संस्थान के साथ सहयोग दिया।

६. पत्राचार पाठ्यक्रम और अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण अनुभाग

इस वर्ष अनुभाग का विस्तार हुआ है और इसने नए आकार को स्थान दिया है जो पत्राचार पाठ्यक्रम और अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्र के रूप में कार्य करेगा। सम्प्रति केन्द्र के प्रधान डा. ललित कुमार त्रिपाठी, रीडर, व्याकरण (लखनऊ विद्यापीठ से स्थानान्तरति) हैं जो संस्कृत स्वाध्याय योजना के संयोजक तथा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण के राष्ट्रिय संयोजक हैं। यह अनुभाग निम्नलिखित स्टाफ़ के साथ कार्य कर रहा है :–

१.	शोध सहायक	१
२.	अनुभाग अधिकारी	१
३.	अनुदेशक	१
४.	निम्न श्रेणी लिपिक	२
५.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	१

इनके अतिरिक्त डा. धर्मेन्द्र कुमार सिंहदेव, और श्री रत्न मोहन झा ने मार्च, २००३ में शोध सहायक के रूप में पदभार ग्रहण किया है और इस विभाग में संस्कृत स्वाध्याय योजना तथा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण परियोजना के लिए सहायक संयोजक के रूप में अपना कार्य आरम्भ कर दिया है।

पत्राचार पाठ्यक्रम

संस्थान भारत और विदेश में संस्कृत के सामान्य अध्येताओं हेतु हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम से संस्कृत भाषा सीखने के लिए पत्राचार पाठ्यक्रमों का संचालन करता है। ये दो स्तरों पर हैं अर्थात् – (अ) संस्कृत में प्रारम्भिक पाठ्यक्रम (प्रथम वर्ष)। (ब) संस्कृत में प्रारम्भिक पाठ्यक्रम (द्वितीय वर्ष)। वर्ष २००२–२००३ में लगभग ७०० छात्रों ने पत्राचार पाठ्यक्रम में पंजीकरण कराया।

संस्कृत स्वाध्याय योजना

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान ने अनुभव किया है कि दूर स्थित लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संस्कृत की स्वाध्याय सामग्री को प्रकाशित करना उसका कर्त्तव्य है। पञ्चस्तरीय संस्कृत स्वाध्याय कार्यक्रम आरम्भ करने की दूरगामी परियोजना उपर्युक्त उत्तरदायित्व के बोध का परिणाम है। इस प्रकार संस्कृत स्वाध्याय योजना अस्तित्व में आई। लगभग ९०० पृष्ठों से युक्त पाँच पुस्तकों वाली प्रथम स्तरीय सामग्री पहले ही जनवरी, २००२ में बाजार में भेजी जा चुकी है। प्रत्येक स्तर के उद्देश्य नीचे निरूपित किए गए हैं :–

प्रथम स्तर : इस स्तर पर प्रयत्न किया गया है कि छात्र दैनंदिन सन्दर्भ में व्यवहारोपयोगी कुछ वाक्य बोल सकें और संस्कृत को देवनागरी लिपि में भी लिख सकें। इसमें अध्येताओं में संस्कृत सीखने की प्रारम्भिक क्षमता का विकास किया जाता है।

द्वितीय स्तर : इस स्तर पर बल दिया गया है कि अध्येताओं को चारों ओर विश्व सम्बन्धी सभी महत्त्वपूर्ण विचारों को अभिव्यक्त करने में सक्षम बनाया जा सके और कुछ जटिल भावों को अभिव्यक्त करने की उनकी क्षमता में सुधार लाया जा सके।

तृतीय स्तर : इस स्तर पर भाषा सीखने की प्रवीणता को अधिक पूर्णता की ओर बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है और सरल काव्य को समझने में उनका मार्गदर्शन किया गया है।

चतुर्थ स्तर : इस स्तर में उच्च स्तरीय संस्कृत शिक्षण के साथ–साथ संस्कृत काव्यों के अध्ययन के द्वारा अध्येता की भाषा को साहित्य लेखन एवं अभिभाषण की दृष्टि से विकसित करना है।

पञ्चम स्तर : भाषित एवं साहित्यिक संस्कृत को समझने, अभिव्यक्त करने तथा लेखन संबधी अध्येताओं की प्रतिभा को प्रत्येक दृष्टिकोण से पूर्ण करने का प्रयास किया गया है। इस स्तर पर आवश्यक व्याकरणिक निवेशों को स्पष्ट किया गया है। इस स्तर के अन्त में अध्येता से अपेक्षा की जाती है कि वह टीका की सहायता से संस्कृत साहित्य और अन्य ग्रन्थों को समझने में पूर्णतया समर्थ हो सके।

- इस परियोजना के अन्तर्गत स्वाध्याय के लिए उपयुक्त मूल–पाठ के रूप में संक्षेप–रामायण तैयार की गई जिसमें अभिनव अभ्यास दिए गए हैं। इसका सम्पादन और प्रकाशन २००२–२००३ में किया गया है।
- संस्कृत स्वाध्याय योजना के अन्तर्गत द्वितीय स्तर के पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और उसकी अध्ययन सामग्री का प्राथमिक लेखन सम्पन्न हो चुका है।
- प्रारम्भिक पाठ्यक्रम और इसकी फलित ज्योतिष, सिद्धान्त ज्योतिष और वास्तु–शास्त्र की रूपरेखा तैयार की जा चुकी है।
- तृतीय स्तर पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है और इसके कुछ अध्याय प्राथमिक रूप में लिखे जा चुके हैं।
- प्रथम स्तर की पाँच हजार (५०००) प्रतियाँ कुछ परिवर्तन और संशोधन के साथ पुनर्मुद्रित की गई हैं।
- इस परियोजना के अन्तर्गत चार कार्यशालाएँ आयोजित की जा चुकी हैं।

अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्र प्रायोगिक आधार पर

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान को प्रायोगिक आधार पर सम्पूर्ण देश में वर्ष २००३ में अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों को त्रैमासिक चक्र में संचालन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

देश में १०० केन्द्रों की राज्य–वार स्थिति नीचे दी गई हैं :–

राज्य–वार आँकड़ा शीट

राज्य	केन्द्रों की संख्या	अध्येताओं की संख्या (प्राप्त आँकड़ों के आधार पर)
अण्डमान	१	३२
आन्ध्रप्रदेश	१०	५४१

असम	३	१७२
गुजरात	५	२०५
हरियाणा	१	६०
हिमाचल प्रदेश	१	६४
जम्मू और कश्मीर	१	५३
कर्नाटक	७	३५१
केरल	१५	५८०
मध्यप्रदेश	१	२०
महाराष्ट्र	५	२७६
नई दिल्ली	२	६५
उड़िसा	१६	९५८
राजस्थान	६	४१२
तमिलनाडु	६	४१३
उत्तरप्रदेश	१६	५९५
उत्तराञ्चल	२	९४
पश्चिम बंगाल	२	६६
कुल	**१००**	**४,९५७**

इन केन्द्रों के अध्येताओं ने बहुत उत्साह दिखाया। चार हजार से भी अधिक छात्रों, अध्यापकों, प्राध्यापकों, चिकित्सकों, अभियन्ताओं, बैंककर्मियों, उद्योगपतियों, अधिकारियों, वकीलों, वैज्ञानिकों, कम्प्यूटर वैज्ञानिकों, कृषकों और गृहिणियों आदि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्राप्त आँकड़ों पर आधारित एक विश्लेषण नीचे दिया जा रहा है :—

सहभागियों का विश्लेषण :—

१.	शिक्षक, प्रध्यापक, प्रोफेसर, पी.एच.डी., नेट	४४९
२.	डॉक्टर, इन्जीनियर	६५
३.	ऑफिसर (कमिश्नर, बैंक मैनेजर आदि)	४३
४.	वकील, एल.एल.बी.	३१

५.	सेवानिवृत्त	३७२
६.	विज्ञान छात्र	१२९
७.	• कॉमर्स छात्र	०८२
८.	व्यापारी	१०२
९.	अन्य	३६८२
	कुल	४९५७

समाज की सभी जातियों और समुदायों के लोगों ने संस्कृत सीखने में अति उत्साह दिखाया। अध्येताओं के परामर्श–पत्र, पोस्ट–कार्ड, अन्तर्देशी पत्र और दूरभाष सन्देश उनकी आन्तरिक भावनाओं को व्यक्त करते हैं।

समाज के गण्यमान्य व्यक्तियों के द्वारा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण के विभिन्न केन्द्रों का उद्घाटन किया गया। इन केन्द्रों के सम्यक् संचालन में सभी केन्द्राध्यक्षों, केन्द्र संयोजकों और संस्कृत शिक्षकों ने पूर्ण सहयोग दिया है। इन केन्द्रों का संचालन करने वाली संस्थाओं ने राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख समाचार–पत्रों, स्थानीय समाचार–पत्रों और पत्रिकाओं में विज्ञापन, समाचार और सूचनाएँ दीं। विज्ञापनों, बैनरों और हैण्डबिलों के द्वारा भी प्रचार और प्रसार किया गया। केन्द्रों में भव्य उद्घाटन तथा समापन समारोह आयोजित किए गए।

केन्द्रों पर पाठ्य–सामग्री का मुख्य आधार प्रथमा दीक्षा की पाठ्य सामग्री थी। राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान ने इस सामग्री को तैयार और प्रकाशित किया है। अध्येताओं को यह सामग्री लागत–मूल्य पर उपलब्ध कराई गई। जो अध्येता न्यूनतम ७५ प्रतिशत कक्षाओं में उपस्थित रहे अथवा जिन्होंने स्थानीय केन्द्रों द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण की, उन्हें प्रथमा दीक्षा की समाप्ति पर सहभागिता प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। संस्थान ने प्रथमा दीक्षा के अन्त में अध्येताओं से पाठ्य–सामग्री के विषय में परामर्श–पत्र आमन्त्रित किए थे। अध्येताओं ने तारतम्यता, सुगम्यता, अभ्यासों के वैविध्य और शिक्षण–प्रणाली विज्ञान के दृष्टिकोण से पाठ्य–सामग्री को श्रेष्ठ माना है।

विभिन्न केन्द्रों पर त्रैमासिक पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

इन अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों का संचालन न केवल देश के नगरों और महानगरों में किया गया, अपितु दूरवर्ती छोटे गाँवों और छोटे कसबों में भी इनका संचालन किया गया। संस्कृत शिक्षकों को अति दूर के स्थानों से भी आना पड़ा। परिणाम अत्यन्त सुखद एवं रोमांचक रहे।

अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों का संचालन देशभर में विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों (डिग्री कॉलेजों), इण्टर कॉलेजों, उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, कनिष्ठ उच्च विद्यालयों, पब्लिक स्कूलों और स्वैच्छिक संस्थाओं में किया गया।

सहस्रों अध्येतओं ने इन केन्द्रों के माध्यम से न केवल आगामी अध्ययन हेतु अपनी सकारात्मक अभिरूचि प्रदर्शित की, अपितु ज्योतिष, दर्शन, कर्मकाण्ड आदि संस्कृत के विभिन्न विषयों पर अल्पावधि पाठ्यक्रमों के संचालन के सुझाव भी दिए। अतः राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान भविष्य में भी इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु सभी संभव प्रयास कर रहा है।

संस्थान इस कार्यक्रम के माध्यम से दूर–दूर तक पहुँच सका और वृद्धि हेतु अपने आधार का विस्तार भी कर सका।

७. परीक्षा अनुभाग

परीक्षा अनुभाग के प्रमुख डा. जी.आर. मिश्र (एम.ए., संस्कृत, पी.एच.डी.) उपनियन्त्रक (परीक्षा) हैं जिसमें त्रि–स्तरीय स्टाफ़ स्वरूप है। इस अनुभाग में निम्नलिखित स्टाफ़ कार्यरत हैं :–

१.	अनुभाग अधिकारी	१
२.	शोध सहायक	१
३.	सहायक	३
४.	अनुदेशक	१
५.	वरिष्ठ आशुलिपिक	१
६.	निम्न श्रेणी लिपिक	३
७.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	२

संस्थान की परीक्षाओं का आयोजन और मूल्यांकन इसका मुख्य दायित्व है। संस्थान के द्वारा प्रथमा से आचार्य, शिक्षाशास्त्री तथा विद्यावारिधि जैसी विभिन्न परीक्षाओं का संचालन किया जाता है। इन परीक्षाओं में अंगीभूत परिसरों तथा सम्बद्ध संस्थाओं के छात्र प्रवेश पाते हैं। ये परीक्षाएँ विद्यापरिषद् द्वारा निर्धारित मार्गदर्शक सिद्धान्तों और इस उद्देश्य से निर्धारित पाठ्यक्रमों के अनुसार संचालित की जाती हैं।

वर्ष २००२–२००३ में विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या इस प्रकार है :–

क्रम सं.	कक्षा	परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की संख्या	उत्तीर्ण	प्रतिशत
१.	प्रथमा III	२२६	२२०	९७
२.	पूर्वमध्यमा I	८२६	७६१	९२.१३
३.	पूर्वमध्यमा II	१०९१	९९६	९१.२९
४.	उत्तरमध्यमा I	२०६	२०४	९९
५.	उत्तरमध्यमा II	४१२	४०३	९८
६.	प्राक्शास्त्री I	१०५१	१०२८	९७.८१
७.	प्राक्शास्त्री II	८३१	७८२	९४.१०

८.	शास्त्री I	१३०३	१२८९	८९.९३
९.	शास्त्री II	१४८३	१४७१	९९
१०.	शास्त्री III	९४४	८६९	९२
११.	आचार्य I	११३०	१०६७	९४.४२
१२.	आचार्य II	८१८	७५०	९१.६९
१३.	शिक्षाशास्त्री	३६७	३४३	९३.४६

विगत वर्षों की भान्ति २००२–२००३ में संस्थान के अधीन विभिन्न परिसरों में शिक्षा शास्त्री पाठ्यक्रम में छात्रों के प्रवेश हेतु पी.एस.एस.टी (पूर्व शिक्षा शास्त्री परीक्षा) भी आयोजित की गई थी। परीक्षा में ५५४७ छात्रों ने भाग लिया। इस वर्ष १५ छात्रों को विद्यावारिधि उपाधि प्रदान की गई।

संस्थाओं से सम्बद्धता

संस्थान ने कुछ ही परिसरों से आरम्भ किया था। लेकिन बाद में कुछ निजी प्रबन्धित संस्थाओं को इससे सम्बद्ध कर लिया गया। विगत कुछ वर्षों में सम्बद्ध संस्थाओं की संख्या में पर्याप्त वृद्धि हुई है। संस्थान से सम्बद्ध संस्थाओं की सूची संलग्नक 'ग' में दी गई है।

८. प्रशासन अनुभाग

उपनिदेशक (प्रशासन) इस अनुभाग के प्रमुख हैं। इस वर्ष निम्नलिखित स्टाफ़ इसमें कार्यरत हैं :–

१.	अनुभाग अधिकारी	१
२.	सहायक	१
३.	वरिष्ठ आशुलिपिक	१
४.	उच्च श्रेणी लिपिक	२
५.	निम्न श्रेणी लिपिक	७
६.	अतिथि संचालक	१
७.	स्टाफ कार ड्राइवर	२
८.	चतुर्थ श्रेणी लिपिक	१०

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के मुख्यालय में प्रशासन अनुभाग नियमों, विनिमयों और प्रक्रिया अनुसार आन्तरिक लेखा कार्य और व्यवस्था के कार्य करता है। यह संस्थान के विभिन्न अंगीभूत परिसरों को अधिक प्रभावी और कार्यकुशल बनाने के लिए आवश्यक स्थापना सहायता प्रदान करता है। यह अनुभाग प्रमुख रूप से सामान्य प्रशासन, स्थापना सम्बन्धी मामलों, सेवा और आपूर्ति, भूमि और भवन अधिग्रहण, नए परिसरों की स्थापना और संस्थान की साधारण सभा एवं शासी परिषद् की बैठकों के संचालन आदि कार्य करता है।

जिन परिसरों के पास अपना भवन नहीं है, उनके लिए भवन–निर्माण हेतु जमीन प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। जम्मू, जयपुर, लखनऊ, पुरी एवं शृंगेरी परिसरों के भवन निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। इसके अतिरिक्त जम्मू, जयपुर, शृंगेरी, लखनऊ, पुरी और गुरुवायूर परिसरों में लड़कों और लड़कियों के छात्रावास, पुस्तकालय और न्यूनतम स्टाफ़ आवास आदि के द्वितीय चरण का निर्माण प्रक्रियाधीन है।

इस वर्ष मुम्बई और भोपाल में दो परिसरों ने अपने शैक्षणिक क्रियाकलाप आरम्भ कर दिए हैं।

९. वित्त अनुभाग

इस अनुभाग के प्रमुख अधिकारी श्री सी.एस. कनियाल, उपनिदेशक (वित्त) हैं। अनुभाग में निम्नलिखित स्टाफ़ कार्यरत है:–

१.	अनुभाग अधिकारी	१
२.	उच्च श्रेणी लिपिक	३
३.	निम्न श्रेणी लिपिक	३
४.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	२

बजट (२००२–२००३)

वर्ष २००१–२००२ के रु. १७२.३१ लाख के अप्रयुक्त शेष को वित्तीय वर्ष २००२–२००३ में समाविष्ट किया गया। मन्त्रालय के द्वारा (गत वर्ष के अव्ययित शेष सहित) रु. ३,७०२.३१ लाख का कुल बजट स्वीकृत किया गया। इस राशि को अंगीभूत एककों में निम्नलिखित प्रकार से आबंटित किया गया :–

क्रमांक	एकक का नाम	योजनागत	योजनेत्तर	कुल योग
१.	मुख्य परिसर	९३७.७०	८७२.९४	१८१०.६४
२.	पुरी परिसर	—	१६५.६२	१६५.६२
३.	जम्मू परिसर	३२३.५७	१५५.६०	४७९.१७
४.	इलाहाबाद परिसर	१.१७	९९.९७	१०१.१४
५.	गुरुवायूर परिसर	२०८.००	११६.८७	३२४.८७
६.	जयपुर परिसर	१९०.७७	१३५.८५	३२६.६२
७.	लखनऊ परिसर	१२०.००	११८.७९	२३८.७९
८.	शृंगेरी परिसर	१८१.३५	—	१८१.३५
९.	गरली परिसर	४४.११	—	४४.११
१०.	भोपाल परिसर	२०.००	—	२०.००
११.	मुम्बई परिसर	१०.००	—	१०.००
	कुल	२०३६.६७	१६६५.६४	३७०२.३१

वर्ष में यह धन वेतन और भत्ते, छात्रवृत्तियाँ, प्रसिद्ध संस्कृत विद्वानों को राष्ट्रपति सम्मान एवं व्यय की अन्य रख रखाव की मदों पर उपयोग में लाया गया। वित्तीय वर्ष के अन्त में रु. ६१२.५४ लाख (योजनागत रु. २६१.३६ लाख और योजनेतर रु. ३५१.१८ लाख) की धनराशि व्यय न होने के कारण अवशिष्ट रही।

लेखा

यह अनुभाग संस्थान के विविध एककों से प्राप्त लेखों के समेकन और लेखा–परीक्षा हेतु डी.जी.ए.सी.आर. को प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी है। वर्ष २००२–२००३ के समेकित लेखे डी.जी.ए.सी.आर. को लेखा–परीक्षा हेतु दिनांक १८–०९–२००३ को प्रस्तुत किए गए।

भविष्य निधि खातों का अनुरक्षण

यह अनुभाग मुख्यालय के अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों के वेतन व भविष्य निधि खातों का अनुरक्षण करता है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अविलम्ब प्रत्येक सदस्य को वार्षिक भविष्य निधि खाते का विवरण प्रदान किया गया है।

लेखा–परीक्षा आपत्तियों का निराकरण

वर्ष में लेखा–परीक्षा आपत्तियों को निपाटाने के लिए संगठित प्रयास किए गए। इसके लिए सभी परिसरों को ये निर्देश दिए गए कि वे आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करें। इसके अनुपालन के उत्तर लेखा–परीक्षा प्राधिकारियों को भेजे गए। इस प्रकार इस वर्ष में बहु–संख्यक लेखा–परीक्षा–आपत्तियों को निपटाया गया।

इस अनुभाग को आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों से सम्बन्धित कार्य और संस्कृत, पाली, प्राकृत, अरबी तथा फारसी भाषाओं के लिए अपना उत्कृष्ट योगदान करने हेतु भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित विद्वानों को मानदेय देने का कार्य भी सौंपा गया है।

१०. योजना अनुभाग

यह अनुभाग श्री सी.एस. कनियाल, उप निदेशक (वित्त) के अधीन कार्य कर रहा है। इनमें निम्नलिखित स्टाफ़ कार्य कर रहे हैं :–

१.	अनुभाग अधिकारी	१
२.	सहायक	२
३.	उच्च श्रेणी लिपिक	२
४.	निम्न श्रेणी लिपिक	२
५.	चतुर्थ श्रेणी लिपिक	१

संस्थान संस्कृत भाषा और साहित्य के संवर्धन तथा प्रचार हेतु मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा अन्तरित निम्नलिखित योजनाओं का कार्यान्वयन कर रहा है।

(i) स्वैच्छिक संस्कृत संगठनों को वित्तीय सहायता :

इस योजना के अन्तर्गत चयनित संगठनों को संस्कृत अध्यापकों को वेतन, छात्रों को छात्रवृत्ति, पुस्तकालय अनुदान और संस्थान–भवन के निर्माण के रूप में वित्तीय सहायता की स्वीकृति दी जाती है।

इस योजना के अन्तर्गत संस्थान द्वारा वर्ष २००२–२००३ में रु. ३७२/– लाख की राशि व्यय की गई थी। इस वर्ष में ७४५ संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

(ii) अखिल भारतीय वाक्स्पर्धा प्रतियोगिता

संस्थान देश के विभिन्न भागों में प्रत्येक वर्ष अखिल भारतीय वाक्स्पर्धा आयोजित करता है जिससे पारम्परिक संस्कृत छात्रों को शास्त्रीय संस्कृत भाषा में आशु भाषाण में प्रोत्साहित किया जा सके। समस्या–पूर्ति की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता है। प्रत्येक राज्य सरकार/संघा शासित प्रदेश सरकार से आठ शास्त्रीय विषयों में प्रतियोगिता हेतु एक अध्यापक सहित आठ सहभागियों के नाम भेजेन का अनुरोध किया जाता है। प्रत्येक में सर्वोत्तम प्रतियोगी को एक पदक और प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाता है। साथ में उत्तमता के क्रम में अर्थात् क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय रु. ८००/–, रु. ५००/– और रु. ३००/– नकद पुरस्कार दिए जाते हैं। इन पुरस्कारों के अतिरिक्त विजेताओं को पदक भी दिए जाते हैं। इस अवधि में श्लोकान्त्याक्षरी की पुरस्कार राशि को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में परिशोधित करके रु. ३०००/–, रु. २०००/– और रु. १०००/– कर दिया गया है।

वर्तमान दस विषयों के अतिरिक्त ''शास्त्र शलाका परीक्षा'' को भी वर्ष (२००२–२००३) में आरम्भ किया गया है। शृंगेरी में गत वर्ष की प्रतियोगिताओं में घोषित अनुसार ''शास्त्र शलाका परीक्षा'' निम्नलिखित तीन विषयों में आयोजित की जानी है।

१.	व्याकरण	वैयाकरण सिद्धानत कौमुदी से दशगणी
२.	न्याय	नीलकण्ठ की प्रकाशिका टीका सहित तर्क–संग्रह–दीपिका
३.	काव्य	कुमारसम्भव के प्रथम छः सर्ग

इस प्रतियोगिता का स्वरूप भारत की शास्त्र शिक्षण पद्धति की प्राचीन परम्परा से लिया गया है जिसमें छात्र को व्याख्या सहित सार मूल–पाठ स्मरण करना होता है और ''रजत शलाका'' के द्वारा व्यक्त बिन्दु से वर्णन और व्याख्या करना अपेक्षित होता है। इस कठिन प्रतियोगिता का लक्ष्य परम्परा को पुनर्जीवित करना है और छात्र की स्मरण–शक्ति को तीक्ष्ण करना है।

इस प्रतियोगिता के तीन भाग हैं :

१. कन्था–पाठ परीक्षणम् : प्रतियोगी को विशेषज्ञों के परितोष होने तक प्रदत्त पाठ की पंक्तियों को अपनी स्मरण–शक्ति द्वारा सुनाना होता है।

२. व्याख्यान परीक्षणम् : प्रतियोगी को विशेषज्ञों के परितोष होने तक व्यक्त–पाठ का बिना देखे व्याख्या करनी होती है।

३. प्रश्न समाधानम् : प्रतियोगी को शलाका द्वारा मूल–पाठ के व्यक्त भाग से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के प्रश्नों का उत्तर देना होता है।

इस प्रकार शलाका को प्रत्येक प्रतियोगी के लिए ग्रन्थ को नौ बार व्यक्त करना होता है। प्रत्येक राज्य से प्रत्येक विषय (कुल तीन) में एक तीक्ष्ण–बुद्धि प्रतियोगी को इस प्रतियोगिता हेतु अनुमति प्रदान की जाती है।

पदक, प्रमाण–पत्र तथा रु. ३०००/–, रु. २०००/– और रु. १०००/– की राशि प्रत्येक विषय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के विजेताओं को पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाती है।

(iii) शास्त्र चूड़ामणि योजना

इस योजना के अन्तर्गत आदर्श संस्कृत पाठशालाओं और राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे संस्कृत महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं स्वैच्छिक संगठनों में सेवानिवृत्त प्रख्यात संस्कृत विद्वानों की सेवाओं का उपयोग किया जाता है।

इस योजना को आरम्भ करने का उद्देश्य यह है कि परम्परागत पद्धति से संस्कृत शिक्षा प्रदान करने वाले केन्द्रों में विभिन्न शास्त्रीय विषयों के गहन अध्ययन को संरक्षित किया जा सके। योजना के अनुसार परम्परागत संस्कृत विद्वानों की नियुक्ति विभिन्न संगठनों में की जाती है। इसके लिए बजट में ३० लाख का प्रावधान किया गया। प्रत्येक विद्वान् को रु. २५००/– प्रति माह दो वर्ष की अवधि के लिए दिए जाते हैं। अनुदान–समिति की संस्तुति पर एक वर्ष के लिए इनकी नियुक्ति का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है।

(iv) व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना

इस योजना के अन्तर्गत चुने हुए संगठनों को ज्योतिष, कर्म–काण्ड, पुरालिपि–शास्त्र, सूची–निर्माण, पाण्डुलिपि–विज्ञान, संस्कृत आशुलिपि और टंकण आदि विषयों में कार्यशालाओं के आयोजन तथा व्यवसायिक प्रशिक्षण देने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना अन्तर्गत (२००२–०३ में) रु. २ लाख व्यय किए गए।

(v) आदर्श संस्कृत महाविद्यालय / शोध संस्थान

इस योजना के अन्तर्गत देश के विभिन्न भागों में २३ संस्थाएँ संस्थान के अधीन चल रही हैं। इस योजना के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त संस्थाओं को व्यय की आवर्ती मदों पर ९५% तथा अनावर्ती मदों पर ७५% अनुदान दिया जाता है। इस वर्ष योजना में रु. २२८.११ लाख तथा योजनेतर में २२४.९८ लाख रुपए की धनराशि संस्थान के द्वारा इन संस्थाओं को दी गई।

(vi) संस्कृत शब्दकोश परियोजना

ऐतिहासिक सिद्धान्तों के आधार पर १५०० ई.पू. से १९०० ई. तक की अवधि का एक अतिव्यापक संस्कृत शब्दकोश डेकन कॉलेज, पूना के द्वारा तैयार किया जा रहा है। यह परियोजना वर्ष १९४८ से आरम्भ की गई थी। डेकन कॉलेज, पूना का संस्कृत शब्दकोश परियोजना विभाग प्रधान सम्पादक की अध्यक्षता में कार्य कर रहा है और अब तक इस परियोजना में शब्दकोश के ३०४८ मुद्रित पृष्ठों से युक्त ६ खण्ड (पाँच खण्ड तीन भागों में और छठे खण्ड का एक भाग) प्रकाशित किए गए हैं। कार्य प्रगति पर है। यह परियोजना मुख्यत: भारत सरकार के द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त है तथा महाराष्ट्र सरकार के द्वारा भी कुद वित्तीय सहायता दी जाती है। वर्ष २००२–२००३ के दौरान राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान ने शब्दकोश परियोजना के लिए २५ लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई।

(vii) भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित विद्वानों को मानदेय राशि

भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित विद्वानों को संस्थान प्रति वर्ष ५०,०००/– रुपए की मानदेय राशि देता है।

इस वर्ष के दौरान इस मद में रु. १२८.७२ लाख व्यय किए गए।

१०.१ पुस्तकालय

